







## खबर संक्षेप

### केड़ीआमा रमनपुर का स्थापना दिवस समारोह आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** विकासखंड छुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कनेसर के आश्रित एवं मुख्यमंत्री



गोद ग्राम केड़ीआमा रमनपुर का 18 वां स्थापना दिवस 16 मई को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा नेता रूपसिंह साहू शामिल होंगे। कार्यक्रम में सभापति अध्यक्ष भाजपा मंडल पांडुका संदीप पांडेय, कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत कनेसर श्रीमती कमीन कृपाराम ध्रुव, विशेष अतिथि जनपद सदस्य छुरा श्रीमती लगती अवध साहू, पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल छुरा अघन सिंह ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत पक्तियां गणेश राम ध्रुव, सरपंच गायडबरी दुलारी ध्रुव, सरपंच पीपलछेड़ी श्रीमती नीराबाई बिशहत ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

### पेंशनर समाज गरियाबंद की बैठक 17 को

**गरियाबंद।** तहसील शाखा गरियाबंद ,छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज के तत्वावधान में 17 मई शुक्रवार को साईं मंदिर में सुबह 10 बजे से बैठक आयोजित है। छत्तीसगढ़ महतारी एवं शारदा माई के छायाचित्र में द्वीप प्रज्वलन अतिथियों के द्वारा संपन्न होगा। उसके पश्चात मई माह में जन्मदिन वाले पेंशनर साथियों का जन्मदिन मनाया जाएगा। संरक्षक बंसीलाल साहू ,एल आर बरिहा , नोहर सिंह वर्मा ,लालाराम साहू ,अशोक कुटारे, रहीम बेग, सुमेर सिंह , श्रीमती प्रमिला कश्यप कामताराम नाग , फलेश्वर साहू का सम्मान होगा । पेंशनरों की समस्याओं पर खुली चर्चा होगी। जिला चुनाव संबंधी एवं प्रांत को लिखी चिट्ठी की जानकारी देंगे।

# देवभोग की नन्ही बिटिया को अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव में मिला नृत्य मनकामना बालेश्वर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर


पड़ोसी देश नेपाल में आयोजित 10 वें अंतरराष्ट्रीय डांस एवं म्यूजिक महोत्सव में राज्य के देवभोग की 6 वर्षीय आशिका सिंघल ने प्रथम स्थान हासिल किया है। महोत्सव 11 व 12 मई को आयोजित किया गया था।

नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राजेश अग्रवाल सहित परिजनों का भी नाम ऊंचा कर दिया। आशिका के पिता अमित सिंघल प्रतिष्ठित व्यवसायी हैं। आशिका ने नेपाल के काठमाण्डू में उत्कल युवा संस्कृति संघ द्वारा आयोजित जूनियर कथक नृत्य में बेहतर प्रदर्शन किया।

### नेपाल में आयोजित किया गया था अंतर्राष्ट्रीय डांस एवं म्यूजिक महोत्सव

#### नृत्य मनकामना बालेश्वर सम्मान से नवाजा गया

रायपुर अवंति विहार के श्रृष्टि प्लाजो की छह वर्ष की आशिका की प्रस्तुति देख आयोजन में मौजूद अतिथि भी अवाक रह गये। कथक नृत्य के जूनियर काम्पिटीशन में 20 से ज्यादा प्रतिभागियों को पीछे छोड़ आशिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। आयोजन समिति के चेयरमेन परवा पटनायक, मुख्य सलाहकार न्यायधीश डीपी चौधरी, अध्यक्ष डॉक्टर विजयानंद सिंग की मौजूदगी में आशिका को नृत्य मनकामना बालेश्वर सम्मान से नवाजा गया।



#### चार हिन्दू राष्ट्र के 30 राज्यों के सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

नेपाल के काठमाण्डू फिल्म कैम्प के स्टूडियो थियेटर में दो दिवसीय आयोजन में भारत, नेपाल सहित चार हिन्दू बाहुल्य देशों के 30 से अधिक राज्यों के सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नेहासिंग क्लासिक एकेडमी की ओर से आशिका सिंघल प्रतिनिधित्व कर रही थी और उनके प्रदर्शन की सभी ने जमकर तारीफ की।

#### चार वर्ष की उम्र में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मिला था दूसरा स्थान

वर्ष 2023 में छग के भिलाई में आयोजित नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय अवार्ड में दूसरा स्थान हासिल किया था। आशिका इस प्रतियोगिता में चार वर्ष के उम्र में कथक नृत्य की प्रतिभागी के रूप में शामिल हुई थी। कथक नृत्य में आशिका के इस सफलता पर राजेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, बालकिशन अग्रवाल, आशिष अग्रवाल, अमन, शुभम, दयानंद, दीपक अग्रवाल, रविशंकर, विनोद अग्रवाल सहित परिजनों के अलावा तस्मित पात्र, पुरूषोत्तम पात्र, हेमंत तिवारी हरीश तायल और अग्रवाल समाज के लोगों ने प्रशंसा कर बधाई दी है।

### आयोजन: निर्माण एजेंसियों की बैठक में पूर्ण -अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की

# निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा पर सभी एजेंसियां जल्द करें पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें। निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्यों में कोई परेशानी आती है उसकी जानकारी साझा करें। जिससे संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों और जिला प्रशासन के माध्यम से दूर किया जाएगा।

- लेटलतीफी करने वाले ठेकेदारों पर अधिकारी कार्रवाई करें : कलेक्टर

जिले के स्कूल, हॉस्टल, कॉलेज, आश्रम - छात्रावासों एवं अन्य शासकीय कार्यालयों के रंगाई-पोताई और निर्माण जीर्णोद्धार के कार्य चल रहे है। उन कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सभी निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे पूर्ण - अपूर्ण एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान उक्त बातें निर्देश देते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि ठेकेदारों से इन कार्यो को समय-सीमा के अंदर काम करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो ठेकेदार काम में बिना वजह देरी कर रहे हैं उनके विरूद्ध अनुबंध के अनुसार कार्रवाई करें। इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरते। सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखे। ईई से लेकर सब इंजीनियर तक सभी लगातार फील्ड का दौरा कर कामों की क्वालिटी मॉनिटरिंग करें। यदि अंतर्विभागीय समन्वय में कहीं समस्या आती है तो तत्काल मामले को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाएं जिससे उसका निराकरण किया जा सके। इसके कारण काम की गति प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बैठक में निर्माण कार्यों के भू-अर्जन से जुड़े मामलों की भी जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि कामों का समय-सीमा के भीतर पूरा होना जरूरी है, जिससे लोगों को इन निर्माण कार्यों का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बारिश शुरू होने से पहले निर्माण कार्य पूरी गति से पूर्ण किए जाए। जिले में चल रहे सड़कों और भवनों के काम की विस्तार से समीक्षा की।

#### अन्य विभागों की भी जानकारी ली

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने डब्ल्यूआरडी, आरईएस, हाउसिंग बोर्ड,सीजीएमएससी, सीएसपीडीसीएल, क्रेडा विभाग, पीडब्ल्यूडी, ब्रिज, नेशनल हाईवे, एडीबी, पीएमजीएसवाय के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी में बिजली की लचर व्यवस्था सैकडों ग्रामों के लोगों को रुलाने लगी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकासखण्ड क्षेत्र के लोग भीषण गर्मी में लगातार बिजली विभाग की लचर व्यवस्था से परेशान हैं। क्षेत्र में किसी भी समय बिजली बंद हो जाना आम बात हो गई है। लगातार बिजली कटौती के कारण मोटर पम्प नही चल पाने से ओवरहेड टैंक में पानी नहीं भर पा रहा है।

- किसी भी समय बिजली बंद हो जाने से पेयजल की समस्या हो रही उत्पन्न

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए भी हाहाकार मचा हुआ है। बिजली व्यवस्था एकदम खराब हो गई है। बुधवार को दोपहर 2 बजे जो बिजली बंद हुई वह शाम 6 बजे बहाल हो पाई। लगातार लोड बढने के कारण बिजली सबस्टेशन में बुस्टर ब्लॉस्ट होने की जानकारी मिली। जिसे गरियाबंद से लाकर बदला गया। ग्रामीण अंचलों के कई गांव में 4 से 5 दिनों तक बिजली बंद है। क्षेत्र के कुल्हाडीघाट इलाके के गांवों में पिछले चार पांच दिनों से बिजली बंद हो गई है। कुल्हाड़ीघाट के ग्रामीणों ने मैनपुर पहुंचकर बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की है।





#### गर्मी के दिनों में लगातार खराब हो रहे ट्रांसफार्मर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में गर्मी के इन दिनों लगातार ट्रांसफार्मर में खराबी आने की जानकारी गांव गांव से आ रही है। लोड बढ़ने के कारण सीधा ट्रांसफार्मर में आग लग रही है। अधिकांश ट्रांसफार्मरों में सर्किट बाक्स नहीं लगाया गया है, जिसके कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीण इलाको के गांव में बिजली के तारे बेहद जर्जर हो चुके हैं। कई गांव में तार काफी नीचे झुक गए हैं।

#### बिजली कर्मचारी रात- रातभर जागकर फाल्ट ढूढ़ रहे

गर्मी के दिनों में मैनपुर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामों के लाखों लोगों को बिजली की गंभीर समस्या से जूझना पड़ता है। जानकारी के अनुसार गर्मी बढ़ने के साथ ही लोड बढ़ जाने से अब बिजली के वर्षों पुराने तारों में जगह जगह फाल्ट आना आम बात हो जाती है। बिजली विभाग के सहायक यंत्री संजीव बंजारे के नेतृत्व ने बिजली विभाग का अमला रात में भी सक्रिय होकर फाल्ट ढूढ़ते नजर आते हैं। जंगल फारेस्ट एरिया होने के कारण बिजली कर्मचारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# 65 वर्षीय आदिवासी विधवा की प्रशासन ने ली सुध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

खबर का असर

हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद 65 वर्षीय आदिवासी विधवा महिला की प्रशासन ने सुध ली। टीम ने टेंवारी मंदिर के पास बसे आदिवासी विधवा महिला धुरवा बाई से मुलाकात कर समस्याओं को जाना

महिला की समस्याओं को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। दूसरे दिन मंगलवार को कलेक्टर के दिशा निर्देश पर छुरा तहसीलदार सतरूपा साहू, जनपद सीईओ रूप सिंह ध्रुव, अकलवारा पंचायत सचिव धनेश साहू ने स्थल का मुआयना किया। जनपद पंचायत सीईओ श्री ध्रुव ने बताया कि घूरवा बाई ध्रुव के नाम से राशन कार्ड जारी हुआ है और उन्हें राशन भी मिल रहा है। महिला अभी जहां पर झोपड़ी बना कर निवासरत है, उस जगह पर उनकी कृषि भूमि है। वह क्षेत्र सोरिद पंचायत में आता है। सीईओ श्री ध्रुव ने कहा गांव के बाहर रहने का यह कारण कि वह अपने परिवार के साथ अन्यत्र जगह निवास कर रही थीं। साथ ही अकलवारा के आश्रित ग्राम फिंगेश्वरी धूरवा बाई का मायके भी है। अकलवारा और सोरिद पंचायत के मध्य जगह में निवासरत होने के कारण दोनों पंचायतों को पत्र लिखकर ढाई डिसमिल जमीन की मांग की है, ताकि आवंटन कर गांव के आसपास व्यवस्थित किया जा सके। धुरवा बाई के दो नाती हैं एक पहले से हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है, दूसरे बच्चे के लिए भी व्यवस्था की जाएगी। परिवार को पेयजल के लिए टेवारी के पास हैंड पंप लगा हैं।

- महिला को मिल रहा राशन, अन्य समस्याओं को दूर करने हो रहा प्रयास : सीईओ

### हरिभूमि पाठक उपहार योजना-2023...



**गरियाबंद/छुईया बेलर।** हरिभूमि पाठक उपहार योजना के विजेताओं को बुधवार को राजीव भवन छुईहा में पुरस्कृत किया गया। पाठकों को उपहार भी वितरित किए गए।

विस्तृत खबर पेज 12 में

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सोनासिल्ली से करीब 4 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति गुरुकुल के बगल कसहीबाहरा मार्ग ग्राम सोनासिल्ली में शराब बिक्री कर रहा है।

# झोलाछाप डाक्टर कर रहे इलाज, कार्रवाई नहीं होने से चला रहे अवैध क्लिनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

गर्मी के मौसम आते ही क्षेत्र में लोगों को विभिन्न बीमारियां होने लगी हैं। क्षेत्र में कथित तौर पर डॉक्टर कहे जाने वाले झोलाछाप डाक्टरों का जाल फैला है। हर चार से पांच गांव अंतराल में एक क्लीनिक के साथ मेडिकल दुकान भी संचालित कर रहे हैं। क्लीनिक के नाम पर एक टेबल-कुर्सी पर एक व्यक्ति बैठता है और मरीजों का इलाज करता है। साथ ही मरीज के परिजन के बुलावे पर घर पहुंच इलाज करते हैं। इलाज करने वाले व्यक्ति के क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन है या नही यह किसी को नहीं पता होता है।

- हर चौथे- पांचवें गांव में एक झोलाछाप चिकित्सक
- अफसरों को है शिकायत का इंतजार

झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा मरीजों का आर्थिक शोषण करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

गौरतलब हो कि क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी चिकित्सकीय पढ़ाई किए फर्जी चिकित्सक बिना किसी भय के अपनी क्लीनिक खोल कर इलाज कर रहे हैं। मरीजों से मनमानी फीस वसूल कर अपनी जेबों को भर रहे है। इसके अलावा झोलाछाप चिकित्सक अपनी क्लीनिक में बड़े बड़े बोर्ड लगाकर खुले आम प्रशासन को अंगूठा दिखा कर लोगों का इलाज कर रहे है। बिना डिग्री के इलाज कर रहे हैं। आरएमपी यानि रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर का सर्टिफिकेट लिए 12वीं पास झोलाछाप डॉक्टर धड़ल्ले से एलोपैथी दवा और इंजेक्शन के जरिए लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। सस्ते इलाज के झांसे में आकर लोग भी अपनी जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं। 15-20 सालों से इलाज कर रहे झोलाछाप डॉक्टर किसी कायदे कानून को भी नहीं मानते, उनके लिए डॉक्टरी के लिए किसी डिग्री की जरूरत नहीं। सिर्फ एक्सपीरियंस ही उनका सर्टिफिकेट हैं।



#### शिकायत पर कार्रवाई करेंगे

डा. गार्गी यदु पाल मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बीएमओ अपने ब्लॉक स्तर पर में शिकायत मिलते ही कार्रवाई करेंगे। जिला स्तर में एक टीम बनाई गई है, जो इस तरह की शिकायतों पर जांच कर कार्रवाई करेगी। कुछ दिन पहले फिंगेश्वर विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम बकली के हर्ष मल्टी स्पेशलिटी में टीम के द्वारा रेड किए थे, जिसमें फर्जी डाक्टर नदारद मिले।

#### शिकायत नहीं मिली

बीएमओ छुरा कीर्तन साहू का कहना है कि अभी इस विषय में कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक । विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है ।

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे । (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा । 3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे ।
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है । 5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है ।
6. जो विद्यार्थी सत्र 2023-24 में 12वीं पास हुए है वह अपना आवेदन 12वीं के ऑनलाईन मार्कशीट लगाकर कर सकते है ।
7. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है । अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं । कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें ।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-10.06.2024 तक ।
आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-15.06.2024 तक ।

आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,
........................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ........................ 2. पिता / पति ........................
3. जन्म तिथि अंकों में ........................ 4. वर्ग :- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ........................ पोस्ट ........................ तहसील ........................
थाना ........................ जिला ........................ पिन कोड ☐
मो. नं. 1 ........................ मो. नं. 2 ........................ वाट्सअप नं. ........................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ........................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### बिजली स्कूल में 12 में लोकेश्वरी पटेल एवं दसवीं में कुशमी निषाद प्रथम

**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में बोर्ड परीक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा बारहवीं में लोकेश्वरी पटेल 74.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, द्वितीय स्थान टिशा निषाद 73.8 प्रतिशत एवं मधु साहू 70.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त की। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में कुशमी निषाद 86.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रितु सेन 82 प्रतिशत द्वितीय एवं त्रिवेणी पटेल 63 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त की है।

इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा ने सभी सफल छात्र छात्रओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। शिक्षा वह ज्योति है जो हमारे अंदर ज्ञान का प्रकाश भर देती है। उन्होंने आगे कहा कि जो विद्यार्थी असफल हुए हैं उन्हें निराश न होने की बात कहते हुए अच्छे से अवसर परीक्षा की तैयारी में जुट जाने की बात कही। साथ–साथ ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई करें तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। वहीं अवसर परीक्षा हेतु बोर्ड द्वारा जैसे ही समय सारणी निर्धारित होती है तो उनकी जानकारी पृथक से आप लोगों को दी जाएगी। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेंद्र कुमार वर्मा,रेखा सोनी,गीतांजली नेताम,संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा,नकुल राम साहू,रुद्र प्रताप साहू,दुष्यंत साहू,तोमन राम साहू व आकाश सूर्यवंशी ने बधाई दी है।

### खरोरा में मनाया गया विश्व परिवार दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया। जिसमें राजेंद्र चंद्राकर, मनु चंद्राकर, देबू चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस एक वार्षिक उत्सव है, जो परिवारों के महत्व और समाज में उनकी भूमिका का जश्न मनाने के लिए 15 मई को मनाया जाता है। परिवार हमें एक साथ बांधता है। हमें अपने परिवार के सदस्यों से जो प्यार मिलता है, वह हमें एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने और हमारे भावनात्मक संबंधों को मजबूत करने में मदद करता है। व्यक्तिगत विकास और समुदायों और सामाजिक एकजुटता की भावना को बढ़ावा देने में परिवार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

### आयोजन : सेन समाज ने मनाया 19 वां स्थापना दिवस

# सेन समाज का रहा है अपना एक गौरवशाली इतिहास : चंद्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर सेलून संघ एवं नगर सेन समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेन समाज का 19 वां स्थापना दिवस एवं श्री संत शिरोमणी सेन महाराज की जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ दिव्य सेन सभा भवन सोमवारी बाजार में मनाया गया। सेलून संघ के सदस्यों द्वारा मोटर बाइक में संत शिरोमणि सेन महाराज के जयकारे नारे लगाते हुए नगर भ्रमण किया गया। मुख्यअतिथि चंद्रप्रकाश सेन अध्यक्ष महासभा सेन समाज, विशेष अतिथि रूपेश ठाकुर रायपुर सेलून संघ अध्यक्ष, डॉ.मनोज ठाकुर , मुरारी सेन, मनोज सेन सचिव झेरिया सेन समाज अभनपुर,राधेश्याम सेन ,टीकम दिवाकर, नरेश सेन ,बलराम सेन, लेखुराम सेन एवं साधना सौरज मौजूद थीं। अध्यक्षता संतु सेन ,गोविंद सेन ,शंकर सेन ने किया। सभी अतिथियों ने सामाजिक सदस्यों के साथ मिलकर संत श्री शिरोमणी सेन जी महाराज, प्रभु श्री रामचन्द्र एवं श्री हनुमान जी महाराज की पूजा-अर्चना एवं




दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यअतिथि चंद्रप्रकाश सेन ने कहा कि सेन समाज का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है। कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न दिया गया, छग विधानसभा में भी अब सेन समाज ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दिया है। खेल एवं अन्य क्षेत्रों में भी सेन समाज के युवा अपनी पहचान बना रहे है। डॉ. मनोज ठाकुर ने कहा कि कोई भी समाज का संस्कार सेन समाज के बिना नहीं होता ये सेन जी महाराज की तपस्या का परिणाम है जो समाज को मिल रहा है। समाज का प्रतिवेदन सलाहकार युवराज सेन ने पढ़ा। विशेष अतिथि रूपेश ठाकुर ने कहा कि इस आयोजन में महिला शक्ति की संख्या देखकर प्रसन्नता हो रही है। नारी शक्ति के बिना समाज के उत्थान की कल्पना नहीं किया जा सकता। विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समाज के स्वालंबी बहनो जो ब्यूटीपार्लर चला रहे है उन्हें विजय सेन, रुपेश ठाकुर ने श्री फल से सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। थाना प्रभारी अवध साहू एवं स्टाफ को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। थाना प्रभारी अवध साहू ने इस अवसर पर समाज को नशे से दूर रहने कहा। साइबर क्राइम से कैसे बचे इस पर भी विशेष रूप से प्रकाश डाला। समाज की बेटियों को पुलिस विभाग में जाने के लिए प्रेरित किया। संचालन मनोज सेन ने एवं आभार प्रदर्शन सेलून संघ के अध्यक्ष संतु सेन एवं महिला प्रकोष्ठ से अध्यक्ष निशा सेन ने किया।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में गोविंद सेन, संतु सेन, शंकर सेन, आनंद दिवाकर, परमा सेन, रमन श्रीवास, युवराज सेन, विजय सेन, देवेन्द्र सेन, साधना सौरज, निशा सेन, फुलबाई सेन, प्रीति सेन, शशि सेन, भारती सेन, सोनिया सेन, उर्वशी सेन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## संत कवि भीम भोई के जन्मोत्सव पर शामिल होने मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के ग्राम कदलीमुड़ा में छत्तीसगढ़ सत्य सनातन महिमा धर्म विकास समिति के तत्वावधान में बाबा आश्रम चौक कदलीमुड़ा , डोंगरी गुड़ा में संत कवि भोई जन्मोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया गया है। इसके लिए एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हे आमंत्रण दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में 22 मई को कलश यात्रा निकाली जाएगी। एवं 23 मई को ब्रह्म मुहूर्त में यज्ञ प्रारम्भ ,संत प्रवचन , दिन 11 बजे मुख्यमंत्री आगमन और शाम को भजन टोलियों के द्वारा संत कवि भीम भोई ग्रंथावली भजन प्रतियोगिता होगी। अगले दिन ब्रह्म मुहूर्त में यज्ञ पूर्णाहुति होगी। मुख्यमंत्री को आमंत्रण देने संत उदयनाथ बाबा, वरिष्ठ भाजपा नेता भागीरथी मांझी, अभिनव सोनी, सुशील निधी और क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

## बिरकोनी में साहू समाज ने मनाया वार्षिक समारोह

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में साहू समाज ने वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम प्रातः 10 बजे से ही साहू छात्रावास प्रांगण में साहू समाजजन एकत्रित होकर मां कर्मा की पूजा अर्चना की गई। भगवान सत्यनारायण की कथा के बाद हवन पूजा आरती यज्ञ कार्यक्रम हुआ। इसमें साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। भक्त माता कर्मा के जयकारों से पूरा गांव गूंजायमान रहा। शोभायात्रा में झंडा लहरा गया। कार्यक्रम स्थल में मां कर्मा की मनमोहक झांकी सजाई, जो आकर्षण का केंद्र रहा। बाद आराध्य देवी को रथ में विराजित कर ग्राम भ्रमण के लिए निकाली




गई। महिला व बालिकाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। शाम 6 बजे मंचीय कार्यक्रम हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष तुलसराम साहू, परिक्षेत्र के उपाध्यक्ष पवन साहू, सचिव डॉ. विष्णु साहू समेत सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मां कर्मा देवी के बताए रास्ते पर चलने प्रेरित किया। समाज को आगे बढ़ाने के लिए समाज के वरिष्ठजनों ने युवाओं को अपनी-अपनी राय दी। बाद खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक मानस मण्डलियों द्वारा मानस गण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण सहित सामाजिक सदस्यगण उपस्थित रहे।

## सशिमं में मेधावी छात्र-छात्राओं की दो पालियों में हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरायपाली में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के तत्वावधान पर मेधावी छात्र परीक्षा हुई। परीक्षा 14 मई को दो पाली में हुई। प्रथम प्रश्न-पत्र 11 से 12 बजे तथा द्वितीय प्रश्न-पत्र दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक हुई । जिसमें कक्षा तृतीय से एकादश तक (बोर्ड परीक्षाओं को छोड़कर) कक्षा में प्रथम तीन स्थान तथा 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की परीक्षा हुई। इसमें बसना, सरसीवा तथा सरायपाली नगरीय विद्यालय एवं



उक्त तीनों विद्यालय के अंतर्गत संचालित हो रहे ग्रामीण विद्यालय में अध्यनरत कक्षा तृतीय से एकादश तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 134 भैया- बहन सम्मिलित हुए। परीक्षा में सभी कक्षाओं के प्रश्न-पत्र एवं उत्तर-पत्रक अलग-अलग दिए गए। बैठक व्यवस्था 7 कमरों में की गई। प्रत्येक परीक्षार्थी को अपेक्षित अंतर में बैठाया गया था, जहां उनके लिए विद्यालय की ओर से सारी व्यवस्थाएं दी गई। पीने के लिए स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल की भी व्यवस्था की गई। परीक्षा के अंत में विद्यालय के प्राचार्य कामता प्रसाद साहू तथा प्रधानाचार्य रमेश प्रधान के निर्देशन पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई। आचार्य त्रिलोचन कर ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा को संपन्न कराने में बसना एवं सरसीवा विद्यालय के प्राचार्य नंदू निर्मलकर तथा पंकज प्रधान विद्यालय के परीक्षा प्रभारी गोवर्धन प्रधान एवं अमृत मिश्रा सहित समस्त आचार्य दीदीयां एवं अन्य विद्यालय से आए आचार्यगणों का योगदान रहा।

## वाहवाही लूटने स्वामी आत्मानंद स्कूलों का नाम बदलने की साजिश रच रही है भाजपा : चातुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा शुरू किए गए स्वामी आत्मानंद स्कूलों का भाजपा सरकार द्वारा नाम बदलने की सुगबुगाहट के बीच सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने राज्य की भाजपा सरकार पर वाहवाही लूटने की साजिश रचने का बड़ा आरोप लगाया है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि बारहवीं में 7 बच्चे टॉप 10 में जबकि दसवीं में 21 बच्चे टॉप 10 में स्वामी आत्मानंद स्कूलों से हैं। स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए होड़ मची हुई है। कांग्रेस सरकार ने महज 5 वर्षों में शानदार स्कूल प्रदेशवासियों को दिए है, लेकिन केंद्र में 10 साल



और छत्तीसगढ़ में 15 साल राज करने के बावजूद एक भी ऐसे स्कूल भाजपा नहीं बनवा पाई है। लिहाजा अब श्रेय लूटने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद योजना में पीएमश्री नाम जोड़कर छत्तीसगढ़ के संत का अपमान करने से भी नही चूक रही है। उन्होंने कहा कि छग में कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं का नाम बदलने के अलावा इनके पास छग की शिक्षा व्यवस्था को लेकर कोई योजना नहीं है जिससे यह साबित हो रहा है कि डबल इंजन यहां भी फेल है। बता दें कि स्वामी आत्मानंद योजना के तहत प्रदेश में 737 से अधिक स्कूल संचालित हो रहे हैं। जिसमें 4 लाख 50 हजार से अधिक बच्चे निःशुल्क अंग्रेजी की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आत्मानंद योजना की स्कूलें सुव्यवस्थित, पर्याप्त, फर्नीचर, शिक्षक के साथ-साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण से परिपूर्ण है, जिसका प्रमाण 10वीं व 12वीं के परिणाम में दिखा है। क्योंकि, यहां गरीब माता-पिता के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी की शिक्षा मिल रही है। स्वामी आत्मानंद स्कूलों का भाजपा सरकार द्वारा नाम बदलने की सुगबुगाहट के बीच कांग्रेस नेताओं द्वारा इसका जमकर विरोध किया जा रहा है।

**अग्रवाल नर्सिंग होम में मूत्र रोग एवं पथरी प्रोस्टेट का परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर कल**

**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में 17 मई 2024 को मूत्र एवं पथरी रोग संबंधित ऑपरेशन शिविर का आयोजन रखा गया है। जिसमें किडनी, पथरी, प्रोस्टेट का समुचित जांच, इलाज एवं सर्जरी लेजर एवम दूरबीन द्वारा किए जाएंगे। किडनी में सूजन, पथरी एवं सिकुडन का इलाज पुरुषों में बांझपन एवं नपुंसकता का उपचार मूत्रकोष का संक्रमण एवं मूत्र नली का सिकुडन किडनी, प्रोस्टेट, टेस्टिस के कैंसर पेशाब का रुक रुक कर आना, लीक करना या खून आने का उपचार। पीडियाट्रिक यूरोलॉजी की सेवाएं इमरजेंसी यूरोलॉजी की सेवाएं, ट्रामा से लेकर किडनी में यूरिन ब्लॉकेज तक सभी का आपरेशन एवम परामर्श डॉ. तुषार दानी एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी यूरोसर्जन 17 मई को अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में करेंगे। वे सुबह 10 बजे से उपलब्ध रहेंगे। आयुष्मान अथवा राशन कार्ड एवम बीजू कार्ड द्वारा निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। सिटी स्कैन, एक्स रे द्वारा पथरी की सटीक जांच एवं विशेष छूट 30 प्रतिशत तक उपलब्ध है। ऑपरेशन के इच्छुक मरीज अपनी सभी जांच रिपोर्ट के साथ 16 अप्रैल को शाम 5 बजे तक भर्ती हो जाएं। प्रतिदिन निःशुल्क डायलिसिस उपलब्ध आईसीयू बैकअप के साथ। अग्रिम पंजीयन अनिवार्य है।

# खनकती चूड़ियां चुप हैं और बिलखती पायल, मन का सब व्यापार शांत है और निंदिया भी घायल: अनुसुइया

### न्यूयॉर्क की साहित्यिक संस्था द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी में डॉ. अनुसुइया ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आज खनकती चूड़ियां चुप हैं और बिलखती पायल, मन का सब व्यापार शांत है और निंदिया भी घायल। यह खूबसूरत करुणामयी काव्यांजलि रविवार 5 मई 2024 को निर्मल रोशन साहित्यिक मंच न्यूयॉर्क अमेरिका द्वारा भारत, लंदन और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिष्ठित कवियों के साथ मिलकर आयोजित मातृ दिवस अंतरराष्ट्रीय काव्य गोष्ठी में डॉ. अनुसुइया अग्रवाल, प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद व्यक्त कर रही थी। यह निर्मल रोशन साहित्यिक मंच अमेरिका का मासिक साहित्यिक कार्यक्रम था। विनोद कुमार शर्मा चंडीगढ़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम को संस्था की संस्थापक सुषमा मल्होत्रा संयोजित और संचालित कर रही थीं। उन्होंने इस कार्यक्रम के आरम्भ में गणेश वंदना की। तत्पश्चात सरस्वती वंदना कर कवियों को अपनी रचनाएं प्रस्तुत किए। डॉ. अनुसुइया ने मां पर केंद्रित एक से बढ़कर एक करुण भाव संपन्न पंक्तियां प्रस्तुत की। आज मुस्कुराने को जी करता है, एक गीत



गाने को जी करता है, खौफनाक अंधेरों के इस जहां में एक दीप जलाने को जी करता है, पंक्तियां सुनकर समूचा मंच बरबस वाह-वाह कर उठा।

मुख्य अतिथि डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने मंच की सराहना करते हुए मां पर केंद्रित अपनी यह कविता प्रस्तुत की-मां तुझ बिन सुनो मेरे अपनों, सुनो ए दुनिया वालों, हर सुख लेलो मेरा, पर मेरी मां को ढूंढ निकालो, मिल गई धरा को आंचल में। डॉ. माधुरी सुबोध अध्यक्ष दिल्ली ने प्रत्येक कवि के काव्य पाठ को सराहा और अपनी चनाएँ प्रस्तुत करते हुए कहा कि मातृ दिवस के नाम पर नमन कर फिर वर्ष भर के लिए भूल जाते हैं बच्चे, क्या महसूस करते हैं बच्चे, हर मां जानती उनसे पहले उन्हें वह पहचानती है, ममता की मूरत है वत्सलता छलकाती है, पहले अन्न पूर्ण वह आशीष बरसाती है। डॉ.. आस्था नवल वर्जिनिया की पंक्तियां थी-जब करती हूँ सब के लिए तो अपने लिए क्यों नहीं, संजोती हूँ जो सपने पूरा करने के लिए क्यों नहीं। मधु शर्मा न्यूयॉर्क ने मनहर धनाक्षी में अपनी कविता प्रस्तुत की- नित करे ऐसे काम, जिन मेरा जियो राम मदद सभी की करे, मीठी बातें कीजिए लेखनी हमारी सदा ,बदी प्रेम की गदा इसे सेवा देश हित नाम कर लीजिये। आशुतोष कुमार लंदन की पंक्तियां थी- खुद के बारे में कब, सोच पाती है मां, पूरे परिवार पर जान लुटाती है मां, यूँ तो रहने को रहते है लोग उम्र भर पर मकानों को घर बनाती है मां। रेणु शब्दमुखर ने मां के प्रेम को प्रस्तुत करते हुए काव्य गोष्ठी को ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया- मां प्रेम का चंदोवा है, घर घर आई खुशबू क्योंकि वहां समाई है मां। हर दुखड़े को सह जाती क्योंकि सब्र की जाई है मां, घर में आती कोई परेशानी सब के साथ मुस्काई है मां। कार्यक्रम का संचालन कर रही सुषमा मल्होत्रा ने मां के लिए कुछ इस तरह कहा- मेरी मां जिसे अपने साथ बैठते उठते देखती थी मैं सुबह शाम, वह जिसकी जुबान पर सदा रहता था प्रभु का नाम, संग न रही मेरे चाहने पर भी अब तस्वीरों में है मेरे साथ, चाहती हूँ निकल आये कभी मेरे सर पर रख दे अपना हाथ। इस कार्यक्रम को जूम पर और फ़ेसबुक पर लाइव स्ट्रीम किया गया था।

# आत्मानंद विद्यालय में लॉटरी प्रक्रिया से हुआ प्रवेश कार्यक्रम

### चयनित छात्रों को आवश्यक दस्तावेज एवं प्रवेश लेने की अंतिम तारीख 20 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कक्षा 1 से 12वीं तक के कक्षाओं में विद्यार्थियों का प्रवेश कार्यक्रम लॉटरी प्रक्रिया से हुआ।

कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी बतौर प्रभारी अधिकारी सम्मिलित हुए। जिनके मार्गदर्शन में लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया गया। छात्र-छात्राओं को विद्यालय में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 20 मई तक रखी गई है। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पटेल ने बताया कि जिन भी छात्रों का चयन हुआ है उन सभी की सूची विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई है, जिसका अवलोकन विद्यालयीन समय पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को 20 मई तक अनिवार्यतः प्रवेश लेना होगा। उक्त तिथि के पश्चात प्रतीक्षा सूची से विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।




लॉटरी प्रक्रिया में चंपालाल डडसेना एवं अजय प्रधान शासकीय सेवक पालक सदस्य के रूप में तथा हरीश चौधरी एवं गजानन प्रधान विद्यालयीन शिक्षक सदस्य के रूप में सम्मिलित थे। लॉटरी प्रक्रिया में शासकीय आदर्श उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य जेपी पटेल, विद्यालय के पालक समिति के अध्यक्ष कमल पटेल, सदस्य कमल किशोर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल आशीष दास, महेश नायक, पालकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम की रुपरेखा विद्यालय के व्याख्याता प्रवीण तिवारी ने बनाई एवं संचालन नरेश पटेल द्वारा किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार पटेल ने सभी आगन्तुको को धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक महेश नायक, प्रदीप सेठ, मीना एस प्रकाश, जलंधर वर्गे, रेखा पुरोहित, लक्ष्मी चौधरी, ज्योति सलूजा, शिवेंद्र सिंह, मौसमी माथुर, मंजिला चौधरी, साकेत राजवाड़े, विनोद चौधरी, श्यामसुंदर दास, आशा शर्मा, धनपत सिदार, हिमाद्री प्रधान, गुलाब चौहान, शोभाराम भोई, घासी चौहान, गोमती बरिहा, गीति बरिहा, केशव चौहान ने सहयोग प्रदान किया।

## अंचल में शादी की धूम



**मुड़ागांव(कोरासी)।** इन दिनों अंचल में शादी बड़े जोर शोर से चल रही हैं। आदिवासी संस्कृति में पौराणिक अनेक नेंग नत्ता संपन्न किया जाता है। परंपरा को कायम रखते हुए झांपी एवं पर्रा का विशेष महत्व होता है। झांपी में दुल्हन का साज श्रृंगार रहता है। मौर को भी इसी में रखा जाता है। वहीं पर्रा में पूजन की सामग्री के साथ इसमें शादी रस्म की सारी परंपराएं सम्पादित की जाती हैं। आदिवासी संस्कृति में मुहूर्त नहीं देखा जाता। खरी डालते वक्त सभी दिन तिथि तय कर लिए जाते हैं। सामाजिक रीति रिवाज के साथ कुढ़ेरा नृत्य की भी परंपरा है। बारातियों एवं चौथिया का स्वागत पैर धोकर किया जाता है। ग्राम मड़ेली, खैरझिटी, जरगांव, रवेली, खड़मा, कोरासी, पंक्तियां, जुनवानी, गायडबरी आदि ग्रामों में शादी की धूम है।

खबर संक्षेप

## शिविर में 68 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**गरियाबंद।** जिला जेल गरियाबंद में प्रतिमाह योग, स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बंदियों का स्वास्थ्य जांच कर, जरूरी स्वास्थ्य सलाह दिया गया। साथ ही निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया। शिविर में डॉ. राजकुमार कन्नौजे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी गरियाबंद द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं डॉ. संगीता कौशिक के द्वारा ग्रीष्म ऋतु विकार रोकथाम एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में 68 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि प्रदान की गई। इससे पहले अप्रैल माह में डॉ. शिखा कुरेटी योग चिकित्सक द्वारा एक सप्ताह का योग शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें जेल के समस्त बंदियों को योग कराया गया। जिला जेल के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं आयुष चिकित्सा, मेडिकल स्टाफ एवं फार्मासिस्ट ने सेवाएं दी। शिविर संचालनालय आयुष के आदेशानुसार जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.निकिता ध्रुव के मार्गदर्शन में किया गया।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस

**गरियाबंद।** कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद एवं केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में 14 मई को पादप स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम विभिन्न विषयों पर आधारित था। जिसमें ''वृक्ष लगाव, पृथ्वी बचाव'', ''प्राकृतिक मित्र कीटों का प्रबंधन'' कार्यक्रम में सीआईपीएमसी के सहायक निदेशक नीरज कुमार सिंह के द्वारा धान में लगने वाले विभिन्न कीटों एवं कीट नाशकों का उपयोग एवं उनके गुणवत्ता की पहचान कैसे की जाये इस पर विस्तारपूर्वक किसानों को जानकारी दी गई। इसके अलावा बीजोपचार की महत्ता से संबंधित जानकारी, कीड़ों के जीवन चक्रों की जानकारी, कीटनाशकों के दुष्प्रभाव एवं उनके संतुलित प्रयोग एवं समन्वित एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के बारे में विस्तृत चर्चा एवं किसानों से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान बताया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनीष चौरसिया ने बीजोपचार के सही तरीके, ट्राइकोकार्ड एवं प्रकाश प्रपंच का कीट नियंत्रण में महत्व के बारे में सुझाव दिया गया। सहायक वनस्पति संरक्षक अधिकारी अशोक कुमार ने मक्के में लगने वाले फाल आर्मी वर्म के बारे में जानकारी देते हुए इसके समन्वित नियंत्रण के बारे में सुझाव दिया। तुषार मिश्रा एवं डॉ. ज्योति रमा भारद्वाज द्वारा भी कीटों के जैविक नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिले के सभी विकासखंडों के कृषकगण उपस्थित थे।

# सेजेस फिंगेश्वर में कक्षा 1ली, 2री एवं 4थी में प्रवेश के लिए निकाली लाटरी

हरिभूमि.न्यूज. ▶▶| फिंगेश्वर

सेजेस फिंगेश्वर में लॉटरी के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया।

- चयनित विद्यार्थियों को 22 मई तक प्रवेश लेना अनिवार्य

चयन प्रक्रिया में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी,संतोष विश्वकर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी,सुभाष शर्मा बीआरसी फिंगेश्वर,संकुल प्राचार्य एस के कंवर,असिम श्याम हरित,अशोक सोनवानी संकुल समन्वयक एवं पत्रकारों तथा समस्त पालकों के उपस्थिति में उन्हीं के हाथों से लॉटरी निकाली गई। कक्षा पहली में 50 रिक्त सीटों के लिए 186 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 167 पात्र आवेदन में से 50 विद्यार्थियों का नियमानुसार लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया। इसके साथ ही क्लास 2 में 2 रिक्त सीटों के लिए प्राप्त 51 आवेदन में से दो छात्रों का और क्लास फोर्थ में एक छात्र का चयन लॉटरी सिस्टम के माध्यम से किया गया। लॉटरी प्रारंभ करने के पूर्व उपस्थित अधिकारियों ने मां सरस्वती के पूजन वंदन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य मुकेश निर्मलकर ने उपस्थित अधिकारियों एवं पालकों को लॉटरी एवं चयन प्रक्रिया के नियमों को विस्तार से बताया।समस्त चयनित आवेदकों को 22 मई तक प्रवेश लेना अनिवार्य है समय पर प्रवेश नहीं लेने पर प्रतीक्षा सूची के छात्रों को अवसर दिया जाएगा प्रवेश लेने के लिए विद्यालय समय पर विद्यालय में आकर फॉर्म भरकर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक उमेश यदु ने किया।



### इनकी रही उपस्थिति

पूरी लॉटरी प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए महेश साहू,फणेश्वर साहू,माधव देवांगन,विनोद साहू,भागवत भार्गव,आशीष मारकम,ईश्वर मालाकार,विकास चंद्राकर, टीकम साहू,रमीज खान,सृष्टि दीक्षित,विनीता साहू,ऋषभ शर्मा,कृतिका पुंज,खुशबू भट्ट,कुंदन रावत,शुभम साहू,चेतना किरण सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था और इनका सहयोग प्राप्त हुआ।




## निकायों चुनावों को लेकर संभावित उम्मीदवार गुणा- भाग में जुटे

# नपा, नगर पंचायत, नगर पालिक निगम का चुनाव डायरेक्ट हो अथवा पार्षद चुनेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर स्थानीय नेताओं में इस बार दिलचस्पी कुछ अधिक ही दिख रहा है। अपने हिसाब से स्थानीय नेता गुणा-भाग और जुगाड़ में लग गए है। हालांकि चुनाव के लिए अभी छह माह का वक्त बचा हुआ है। बावजूद रणनीति तैयार करने में कोई कमी नही कर रहे है। क्योंकि सबको मालूम है कि चुनाव के वक्त जब जनता के पास जाते है तो सब यही सुनाते है कि चुनाव आ गया तो वोट मांगने आ रहे हो। लिहाजा ऐसी बातो का सामना चुनाव के समय न करना पड़े इसलिए अभी से अपने वार्डो में जनता से संपर्क करने में जागरूक नेता लग गए है जो चुनाव लड़ने के लिए उत्सुक है। बहरहाल स्थानीय नेताओं के अलावा पब्लिक भी जानने को बेताब है कि इस बार का अध्यक्ष चुनाव डायरेक्ट होगा अथवा पार्षद के बीच से चुने जाएंगे। नवापारा-राजिम शहर के स्थानीय नेता इस संबंध में क्या कहा।

- अभी से चुनाव के तरीके के आधार पर बनने लगी रणनीति
- स्थानीय नेताओं ने व्यक्त किए अपने विचार



राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष **रेखा सोनकर** के प्रतिनिधि जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता **जितेंद्र सोनकर** का कहना है कि अध्यक्ष का चुनाव डायरेक्ट जनता के बीच से होना चाहिए। ताकि जनता अपने पसंदीदा व्यक्ति को मतदान कर सीधे अध्यक्ष चुन सके। चूंकि चुनाव दलीय आधार पर होता है एवं पार्षदों के द्वारा अध्यक्ष का चयन किया जाना जनता के अधिकारों का हनन है। इससे योग्य व्यक्ति को सामने आने का अवसर मिलता है। जनता के लिए जनता का अध्यक्ष होना चाहिए। हांलाकि चुनाव के दोनो प्रणाली का अपना महत्व है पर आम जनता द्वारा चुना गया पालिका या पंचायत अध्यक्ष ज्यादा सशक्त होता है और वह स्वतंत्रता के साथ काम कर पाता है। पार्षदों द्वारा चुने जाने पर कहीं न कहीं पार्षदों का दबाव होता है इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता।



- जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता **विकास तिवारी** ने कहा कि नगर पंचायत की जनता जो मतदाता हैं उनको यह सीधा अधिकार दिया जाना चाहिए कि वो अपने नगर का नेतृत्व किसे दिया जाना है वे खुद सीधा चुन सके। पार्षदों में से अध्यक्ष चुनने से यह अधिकार सीधा पार्षदों का हो जाता है न कि मतदाताओं का, इसलिए सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मतदाताओं को यह सीधा-सीधा अधिकार दिया जा सके कि वो अपने नगर, शहर का नेतृत्व पांच साल के लिए किसे दिया जाना है यह चुनने का अधिकार उन्हें दिया जाए।



कांग्रेस नेता **रामा यादव** ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव निश्चित ही पार्षद दल के द्वारा चुना जाना चाहिए जिससे पार्षदों की भी भागीदारी सुनिश्चित हो जैसे पीएम सांसद चुनते है विधायक मुख्यमंत्री चुनते है वैसे ही नगर पालिका अध्यक्ष को निर्वाचित पार्षद ही चुने जिससे सभी एक दूसरे के सहयोग से नगर विकास प्राथमिकता से चले सीधा चुनाव में अक्सर निर्वाचित अध्यक्ष अपने मनमाफिक कार्य करते है और पार्षदों में मनमुटाव की स्थिति निर्मित होती है जबकि पार्षद दल के द्वारा चुने जाने से अध्यक्ष में भी सबको साथ लेकर चलने की मजबूरी होती है।



राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष **लाला साहू** ने कहा कि योग्य एवं कर्मठ व्यक्ति के चयन के लिए नगर पंचायत नगर पालिका के अध्यक्ष पद का चुनाव सीधा जनता के द्वारा होना चाहिए। जनता के द्वारा चुने जाने के कारण अध्यक्ष की जवाबदेही पूरे नगर के मूलभूत सुविधाओं के प्रति रहता है और जनता के द्वारा चुने जाने से कर्मठ एवं योग्य व्यक्ति का चयन होता है इस कारण अध्यक्ष का चुनाव सीधा जनता के द्वारा चुना चाहिए। जनता जनार्दन को यह सम्मान मिलना चाहिए।



भाजपा के वरिष्ठ नेता **परदेशी राम साहू** ने कहा कि नगर पंचायत नगर पालिका के अध्यक्ष का चुनाव डायरेक्ट होना चाहिए इससे आम मतदाताओं को खुशी होती है हमने नगर पालिका या नगर पंचायत के अध्यक्ष का डायरेक्ट वोट देकर हमने चुना है पार्षद से अध्यक्ष बनाने का जो प्रक्रिया है उसमें कई प्रकार के आरोप लगता है कि पार्षद बिक गया वह नहीं लगेगा और अध्यक्ष बनता है उसको भी लगता है कि जनता ने मुझे अपना आशीर्वाद दिया है।



पूर्व पार्षद कांग्रेस नेता **डेकेश्वर सिंह ठाकुर** ने कहा कि मुखिया चुनने का हक हर मतदाता का संवैधानिक अधिकार है। प्रथम नागरिक चुनने का अधिकार आम नागरिकों को दिये बिना स्वस्थ - निष्पक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया की कल्पना निरर्थक है। प्रत्यक्ष निर्वाचन व्यवस्था के माध्यम से एक योग्य व जिम्मेदार जनप्रतिनिधि चुनकर आता हैं जिसके लिए समभाव के साथ नगर हित- नागरिक हित ही सर्वोपरि होता है, निकायों में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण के चलते नगर के सर्वांगीण विकास की संभावना अधिकतम होती है वही अप्रत्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया धनबल - बाहुबल से संपन्न व्यक्ति को अधिकतम अवसर प्रदान करने के साथ स्थानीय सत्ता को केंद्रीयकृत कर देता है।



राजिम मंडल अध्यक्ष **कमल सिन्हा** ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव से चुनावों में पारदर्शिता की पक्षधर रही है। भारतीय जनता पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार के समय नगरीय निकायो में नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष एवं नगर पालिक निगमों में महापौर का चुनाव सीधे तौर पर जनता के द्वारा प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत होता रहा जिससे साफ सुथरा व योग्य व्यक्ति का चुनाव सीधे तौर पर होता था।



विश्व हिंदू परिषद के नेता **भूपेंद्र सोनी** ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता के द्वारा होना चाहिए। स्थानीय जनता को भी अपनी स्थानीय सरकार स्वयं चुनने का अधिकार होना चाहिए न कि पार्षदों द्वारा मनोनीत व्यक्ति को। सीधे चुनाव की प्रक्रिया से राज्य में जिस पार्टी की सरकार होती है उनके द्वारा उठा पटक कर अपने दल के प्रतिनिधि को अध्यक्ष बनाने की संभावना भी खत्म हो जाती है और चुने अध्यक्ष को बिना दबाव के काम करने का अवसर भी मिलता है। साथ ही अध्यक्ष की गरिमा भी बनी रहती है।



भाजपा मछुआ प्रकोष्ठ प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी **शरद पारकर** ने कहा कि नगर पंचायत-नगर पालिका के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव डायरेक्ट होना चाहिए इससे जिस उद्देश्य से अध्यक्ष चुनते है ताकि नगर का विकास हो सके और अध्यक्ष भी स्वतंत्र होकर कार्य कर सके किसी भी प्रकार के लेन-देन खरीद-फरोख्त भ्रष्टाचार से बचा जा सकता है।



कांग्रेस नेता **सुनील तिवारी** ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में नगर पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका, का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से मतदाता लोग वोट डालकर डायरेक्ट अध्यक्ष का चुनाव होना चाहिए और पार्षदों का अलग चुनाव होना चाहिए जिसमें आम नागरिको को सही जनप्रतिनिधि चुनने का मौका मिलेगा,, पार्षदों का चुनाव करने के बाद उनकी वोटिंग में चुनाव होने से अध्यक्ष बनने पर पारदर्शिता नहीं रह जाती।



नगर पंचायत राजिम की सभापति **पुष्पा गोस्वामी** ने कहा कि पालिका चुनाव डायरेक्ट होना चाहिए इससे सीधे जनता से जुड़ने और उनकी समस्या को जानने का अवसर मिलता है। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। पार्षद चुनने के बाद अध्यक्ष बनने का मतलब है कि वह सिर्फ जहां से पार्षद बने हैं मात्र वहां के लोगों से ही रूबरू हो पाते हैं बाकी नगर के लोग छूट जाते हैं। पालिका प्रमुख अध्यक्ष आम जनता के प्रति उत्तरदायी होते हैं इसलिए जनता से जुड़ने का अवसर मिलना चाहिए।



राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष **गिरधारी अग्रवाल** ने कहा कि अध्यक्ष का चुनाव जनता के द्वारा होना चाहिए इससे सहीं व्यक्ति का चुनाव होगा। भाजपा नेता **भारत सोनकर** ने कहा कि अध्यक्ष का चुनाव डायरेक्ट होना चाहिए। अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता रेशम जीत सिंग हुंदल ने कहा कि अध्यक्ष जनता की पसंद का होना चाहिए न कि पार्षदो का पसंद अतएव अध्यक्ष पद के लिए डायरेक्ट चुनाव होना चाहिए।

## ग्रीष्मकालीन वेटलिफ्टिंग समर कैंप का शुभारंभ

**छुरा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के खिलाड़ियों को खेल विधा से परिचय कराने व खेल की तकनीकी ज्ञान से अवगत कराने 21 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 15 मई से 4 जून तक किया जाएगा। वेटलिफ्टिंग समर कैम्प का विधिवत औपचारिक उद्घाटन आज शाम 5 बजे स्थानीय वेटलिफ्टिंग जिम में किया गया। इस अवसर पर भोलेशंकर जायसवाल सभापति नगर पंचायत, यशवंत यादव कार्यकारिणी सदस्य छग प्रदेश वेटलिफ्टिंग संघ एवं जिलाध्यक्ष गरियाबंद भारोत्तोलन संघ, विनोद देवांगन जिला भारोत्तोलन संघ, ललित कुमार साहू संचालक नेशंस प्राइड पब्लिक स्कूल, समाजसेवीगण शीतल ध्रुव, रुपनाथ बंजारे, पुनीत ठाकुर, शिक्षक गण रुपेश शर्मा, मोहन ध्रुव, परागा ध्रुव शिक्षिका मंचासीन रहे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों ने बजरंगबली महाराज की पूजा अर्चना की पश्चात सभी का स्वागत गुलाल लगाकर किया गया। समर कैम्प के नोडल शीतल ध्रुव ने शिविर के दिशा निर्देश व शर्तों को बताया व प्रातः कालीन एवं संध्या प्रशिक्षण के समय की जानकारी दी साथ ही आवेदन फार्म बांटा। भोलेशंकर जायसवाल ने कहा कि खेल का जीवन में बहुत महत्व है एक बार पढ़ाई में रुचि नहीं होती लेकिन खेल में सबकी रुचि रहती है।यश नाम कीर्ति धन नौकरी खेल से भी प्राप्त किया जा सकता है ,यशवंत यादव ने कहा कि संघ के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों को तराशा जा रहा है आज अल्प संसाधन व कम समय में ही आदिवासी अंचल की बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है कार्यक्रम को ललित साहू व विनोद देवांगन ने भी संबोधित किया और समर कैम्प का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राष्ट्रीय खिलाड़ी कुमकुम ध्रुव, लछन्तीन कोसले, मोनिका साहू, दिशा शर्मा, भावना ध्रुव, छत्तर कुमार, संतोष कुमार, खगेश्वर , भेखराज, रोहन कुमार, हर्षित, हिमांशू, कृष्णा, देवकरण सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# अंचल के गौठानों में पशुओं को चारा पानी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

इन दिनों एक बार फिर रसेला सहित क्षेत्र में जानवर भटकते हुए दिखाई दे रहे हैं। मुख्य मार्गों पर आवाजाही रास्तों में जानवरों के घूमने एवं बैठने से कभी भी दुर्घटना की आंशका बनी रहती है।

गांव गांव में दो चक्का वाहनों की बहुतायत एवं नाबालिग नौसिखिया के दो चक्का वाहनों के धड़ल्ले से दौड़ाने एवं यहां वहां यदाकदा बैठे जानवर के कारण यातायात काफी असुरक्षित होते जा रहा है। मुख्य मार्ग पर इन दिनों भारी संख्या में गायों का झुंड देखा जा सकता है। झुंड से इस व्यस्त मार्ग में दुर्घटना होना लाजिमी है। पिछली सरकार के कार्यकाल में गौठान योजना पूरे प्रदेश में प्रभावी रही थी प्रत्येक गांवों में बनने वाले इस गौठान इस गौठान में गायों की देखरेख से लेकर उनके खाने पीने उनके गोबर और गौ मूत्र तक की समुचित व्यवस्था बनाए जाने की स्कीम भले ही आज पलाप कहीं जा रही है लेकिन एक बात तो तय थी कि इन गौवशों को भूखा नहीं रहना पड़ता था । आज पशु चारे पानी की तलाश में भटक रहे हैं। क्षेत्र में रबी फसल ली जा रही है जहां गाय खेतों में घुसकर फसल चौपट कर रही है। किसानों के भीतर अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर एक तरह का भय व्याप्त है।



# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रयास की निःशुल्क विशेष कक्षाएं प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा जिले के होनहार व प्रतिभावान अभ्यर्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क 'प्रयास' कोचिंग संस्था द्वारा तैयारी कराया जा रहा है।

- जिला प्रशासन के अभिनव पहल 'प्रयास' में पंजीयन

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में वीर सुरेन्द्र साय शासकीय महाविद्यालय परिसर में प्रतियोगी परीक्षाओं के विभिन्न विषयों की कक्षाएं संचालित की जा रही है। व्यापम द्वारा आगामी दिनों में निकलने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, छात्रावास अधीक्षक, पुलिस आरक्षक, प्रीबीएड़, सीसैट, सीटैट इत्यादि हेतु पुनः नवीन कक्षाए प्रारंभ की गयी है। साथ ही छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती परीक्षा प्रीलिम्स की निरंतर कक्षाएं जारी है। रत्नगर्भा अकादमी के पूर्व दक्ष व अनुभवी अध्यापक शेखर साहू द्वारा विशेष रूप से कक्षाएं ली जा रही है। विगत दिवस संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा द्वारा परीक्षा की रणनीति व अन्य विषयों पर मार्गदर्शन अभ्यर्थियों को दिया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता पंकज जैन द्वारा संविधान व भूगोल की कक्षाएं निरंतर संचालित है। अन्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा क्लासेस ली जा रही है। वर्तमान में विशेष कक्षाओं हेतु पुनः पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में प्रातःकालीन व सायंकालीन कक्षाएं निरंतर संचालित है।



# सड़क दुर्घटनाओं को लेकर आप ने साधा निशाना

**नवापारा-राजिम।** नगर में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसे को लेकर आप नेता मोहन चक्रधारी ने पुलिस और स्थानीय प्रशासन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस ने कोई सार्थक पहल नहीं की है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन के निक्रियता के चलते लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। शहर के भीतर भारी वाहनों का लगातार आवाजाही बनी हुई है। इन वाहनों पर पुलिस नियंत्रण नहीं रख पा रही है, जिसके कारण चालक तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते है, जिसका खामियाजा छोटे वाहन चालक और पैदल यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। श्री चक्रधारी ने कहा कि पिछले तीन चार महीनों में सड़क दुर्घटना में इसी नवापारा शहर में पांच लोगों से अधिक की जान चली गई है, लेकिन पुलिस इसकी सुध नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि नगर के कुछ प्वाइंटों में सिग्नल के साथ एक पुलिसकर्मी की जरूरत है। तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई बहुत जरूरी है। शहर के टर्निंग प्वाईंट पर स्पीड ब्रेकर लगाया जाना चाहिए। नगर के भीतर भारी वाहनों के समय-सीमा तय किया जाना चाहिए, जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। खासतौर से बस स्टेण्ड एक ऐसी जगह है जहां स्पीड ब्रेकर के अभाव में गाड़ियां खूब रफ्तार में दौड़ती हैं। यदि पुनः दुर्घटना हुई तो प्रशासन और पुलिस के खिलाफ जनता का गुस्सा कभी भी भड़क उठेगा लिहाजा ब्रेकर का काम शीघ्र होना चाहिए।

- ट्रैफिक व्यवस्था के लिए नहीं हो रही सार्थक पहल : चक्रधारी



## मार्कशीट गुमा

ग्राम दुलना के डिलेश्वरी साहू पिता हेमंत साहू के कक्षा दसवीं का मार्कशीट गुम हो गया है। जिस किसी को यदि ये मार्कशीट मिलता है तो दुलना पहुंचाने का कष्ट करें। उन्हें आने-जाने का पेट्रोल खर्च दे दिया जाएगा। प्रार्थी डिलेश्वरी ने मार्कशीट के नवीन प्रति जारी करने के लिए शिक्षा विभाग को पत्र लिखा है। इसके साथ ही थाने में भी इस आशय की सूचना दी गई है। मोबाईल नंबर **9826666702** पर संपर्क किया जा सकता है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना ।प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंक्तियां का रिजल्ट रहा उत्कृष्ट



**मुड़ागांव(कोरासी)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंक्तियां का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। 10वीं में रिजल्ट 94.3% रहा। 53 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें 50 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। लोमस कुमार साहू पिता छबीराम साहू माता डोमेश्वरी साहू ग्राम बम्हणी 93.3% लेकर के कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अजय कुमार यादव 84.3%, तीसरा स्थान नागेश्वर यादव 83.8% चौथा स्थान मोहित कुमार ध्रुव 82.6% पांचवा स्थान कुंदन लाल पिता बसंत राम 80.8% प्राप्त किया।

## हाईस्कूल बरगांव में नितेश रहा प्रथम



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र उदंती अभ्यारण्य में स्थित शासकीय हाई स्कूल बरगांव में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 91.67 प्रतिशत रहा। शासकीय हाईस्कूल बरगांव के विद्यार्थी नितेश कुमार सेन पिता ओमप्रकाश सेन ने परीक्षा केंद्र इंदागांव में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नितेश ने 84.84 प्राप्त किया वहीं कक्षा में कु देवंतीन पिता वासुदेव ने 71 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय एवं कु पद्मा कश्यप पिता ललित कश्यप 66.71 के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कु चंद्रा, चुलेश्वरी, गंगोत्री, कुशमा, मनीषा, सुष्मिता एवं टिकेश कुमार ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। हाई स्कूल में 26 छात्र में से 24 परीक्षा में बैठे जिसमें एक पूरक एवं एक अनुतीर्ण रहा। संस्था के प्राचार्य प्रकाश कुमार देवांगन ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि सफलता असफलता जीवन का हिस्सा है। यह परिणाम आपके भविष्य को निर्धारित नहीं करता। भविष्य में अपनी परीक्षा परिणाम सुधारने का कई अवसर मिलेगा। विद्यार्थी किसी कारणवश सफल नहीं हो पाए हैं वे बिल्कुल निराश न हो, पुनः कड़ी मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी।







# हरिभूमि पाठक उपहार योजना में एलईडी टीवी को पाकर खुश हुए पाठक भीष्मदेव नागरची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/छुईहा बेलर

हरिभूमि पाठक उपहार योजना- 2023 के लिए हुए लकी ड्रा के विजेताओं को उपहार ग्राम छुईहा में एक समारोह आयोजित कर वितरित किया गया। गरियाबंद जिले के छोटे से गांव देवगांव के पाठक भीषमदेव नागरची को द्वितीय पुरस्कार के रूप में हरिभूमि ब्यूरो चीफ गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि सर्कुलेशन प्रभारी सुमित महोबिया संवाददाता भागीरथी सिन्हा ने एलईडी टीवी दिया गया। एलईडी टीवी पुरस्कार में पाकर भीष्मदेव नागरची एवं उनका परिवार काफी खुश हैं। पुरस्कार मिलने के बाद भीष्म देव नागरची ने हरिभूमि समूह को थैंक्स कहा।

राजीव भवन छुईहा में 12 बजे पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 15 मई को किया गया। जिसमें बड़े संख्या में पाठक शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष फिंगेश्वर रुपेश साहू, अध्यक्षता जिला हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख गोरेलाल सिन्हा अतिविशिष्ट अतिथि हरिभूमि रायपुर प्रसार विभाग प्रभारी सुमित महोबिया हाईस्कूल छुईहा के अध्यक्ष परदेशी राम सिन्हा,दिनेश लोहिले एवं हरिभूमि पाठक की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि समूह ने सुधि पाठकों के लिए उपहार योजना- 2023 लांच की थी। इस योजना में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में पाठकों ने हिस्सा लिया था। 16 अप्रैल को हरिभूमि कार्यालय रायपुर में लक्की ड्रा निकाला गया। भाग्यशाली रहे पाठक को प्रथम से दसवां तक सुनिश्चित एवं अन्य सभी को संत्वाना पुरस्कार योजना में शामिल कर लाभ दिया गया।

- हरिभूमि नियमित दिनचर्या का हिस्सा बना : पाठक
- हरिभूमि में देश-विदेश से लेकर स्थानीय स्तर की मिलती है रोचक जानकारियां

छुईहा बेलर क्षेत्र के पाठकों ने कहा कूपन संग्रह करने में घर की महिला, बच्चे इनाम पाने के लक्ष्य लेकर अखबार नियमित पढ़ते और देखते थे। इस योजना से जुड़कर अखबार से उनको देश विदेश से लेकर स्थानीय स्तर की रोचक जानकारी मिली है। इसी कड़ी में प्रज्ञा न्यूज एजेंसी छुईहा बेलर संचालक व पत्रकार भागीरथी सिन्हा छुईहा ने कहा हरिभूमि लक्की ड्रा में इस अंचल के 34 पाठकों को आज पुरस्कार दिया गया। योजना का दूसरा पुरस्कार भीषमदेव नगरची देवगांव को एलईडी टीवी दिया गया। उन्होंने कहा टीवी घर में और भी है,पर इस टीवी का महत्व घर में बड़ा है, पहले ही बार में यह लाभ मिला है बहुत खुशी हो रही है। मेरी किराने की दुकान में पढ़ने वाले हरिभूमि के इंतजार में रहते हैं।

### इन्हें मिला उपहार

दसवें पुरस्कार में लंच बाक्स सोमेश्वरधर दिवान चरौदा, वेदराम ढीढी बिजली, ओमप्रकाश साहू सिर्रीखुर्द, हरिश्चंद्र तारक फुलझर, सांत्वना पुरस्कार खुमान साहू परसठ्ठी,हेमन्त निषाद खुटेरी, चोवा ध्रुव जोगीडीपा,उमा सेन बिजली,इंदरमन साहू बारूला, लीला राम मतावले सिर्रीखुर्द, राकेश बंजारे चरौदा,भागवत सिन्हा चरौदा,रवि ध्रव मडवाडिही,रेखा गिरवर साहू बेलर,भारत साहू चरभट्ठी,महेश साहू पतोरा, योगेश सिन्हा,आशा कांत रजक,सेंदूरसाय बघेल, रमणीक साहू बेलर, रमऊ साहू सहित कुल 34 पाठकों को दिया गया। पुरस्कार पाकर पाठकों के चेहरे खिले हुए थे। उन्होंने कहा कि हरिभूमि से आगे भी लगातार जुड़े रहेंगे।



## हरिभूमि अखबार पढ़े बिना नहीं शुरू कर पाते अपने कामकाज

**राजिम।** पाठक उपहार योजना 2023 के तहत हरिभूमि के पाठकों को बुधवार की शाम पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रामाधार शर्मा के पुत्र समाजसेवी कैलाश शुक्ला,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा व युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर ब्यूरो प्रमुख श्यामकिशोर शर्मा,कार्यालय प्रतिनिधि किशन ठाकुर,अखबार वितरण के प्रमुख राजू देवांगन,ग्रामीण क्षेत्र के अखबार वितरक ओमप्रकाश साहू सहित हरिभूमि के सम्मानित पाठक मौजूद थे। वार्ड नं 14 शंकर नगर की महिला पाठक पूजा देवांगन,डुमन गिलहरे,राकेश साहू,जिनेंद्र विश्वकर्मा,कोमल चक्रधारी पहुंचे थे। इनके सहित कुल 47 लोगों को राजिम,नवापारा के अंतर्गत पुरस्कार मिला है। पुरस्कार पाकर महिला पाठक पूजा देवांगन ने कहा कि हरिभूमि की वे नियमित पाठक हैं। जब तक अखबार नहीं पढ़ लेती तब तक वह घर का काम-काज शुरू नहीं करती। उन्हें हर हाल में सुबह हरिभूमि चाहिए होता है। बिल्कुल सुबह अखबार मिल जाता है वे सबसे पहले क्षेत्र की खबरों के ऊपर नजर डालतीं हैं। राजिम और नवापारा सहित जिले की खबरें उन्हें अच्छी लगती हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पहली पसंद शुरू से ही हरिभूमि अखबार रहा है। इसी तरह डुमन गिलहरे,राकेश साहू,जिनेंद्र विश्वकर्मा,कोमल चक्रधारी ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से हरिभूमि पढ़ रहे हैं। हरिभूमि का लुक और खबरें उन्हें खूब प्रभावित करती हैं। समाजसेवी कैलाश शुक्ला ने कहा कि सुबह यदि कभी अखबार आने में विलंब हो जाता है तो वे बेचैन हो जाते हैं। हरिभूमि की खबरों को वे बेहद पसंद करते हैं। समय-समय पर वे कटिंग के साथ बधाई और शुभकामनाएं भी व्हाट्सअप में भेजते है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि उन्हें हरिभूमि का खबर बहुत ही अच्छा लगता है। भाजपा के युवा नेता किशोर देवांगन ने कहा कि उनके यहां लंबे समय से हरिभूमि आता है। वे जब तक अखबार नहीं पढ़ लेते, तब तक उनका मन नहीं भरता। उन्हें हरिभूमि की खबरों पर गर्व होता है। ब्यूरो प्रमुख श्यामकिशोर शर्मा ने हरिभूमि के पाठको एवं अतिथियो के प्रति आभार प्रकट किया।

**हरिभूमि के पाठकों समाजसेवी कैलाश शुक्ला ने दिया पुरस्कार**





### मन की बात की साझा

किराना दुकान चलाने वाले सिन्दूरसाय बघेल,रेखा गिरवर साहू,कपड़ा व्यवसायी रमणीक साहू बेलर ने कहा कि जब से इस क्षेत्र में हरिभूमि अखबार आया है, तब से लगभग दस साल से लगातार यही पढ़ रहे हैं। इस अखबार में हर छोटे बड़े स्थानीय सभी समाचार को प्राथमिकता मिलती है, जिसे पढ़कर हो रही घटनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी मिलती है। हरिभूमि अखबार सुबह पांच बजे से पहले पहुंच जाता है। हरिश्चंद्र तारक फुलझर ने बताया कि पहले भी उन्हें पुरस्कार दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित उपहार योजना अच्छी पहल है। अगर हॉकर दूसरा पेपर देने की कोशिश करता है तो वे उसे नहीं लेते हैं। 11 साल से हरिभूमि के नियमित पाठक हैं। डाक्टर सोमेश्वरधर दिवान ने कहा कि अखबार हमारे नियमित दिनचर्या में शामिल है। किराना दुकान नंदू यदु बिजली निवासी ने कहा 10 साल से अधिक हरिभूमि का नियमित ग्राहक हूं। सुबह से अखबार पढ़ने पहुंच जाते हैं। इस बार कूपन योजना में भाग नहीं ले पाए अपसोस है। अखबार वितरक पोखराज ने कहा क्षेत्र में एकतरफा हरिभूमि की मांग है।

### पाठकों के बीच हरिभूमि की लोकप्रियता प्रथम पायदान पर: रुपेश

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक कांग्रेस कमेटी फिगेंश्वर अध्यक्ष रुपेश साहू ने अनुभव साझा करते कहा कि आज से 10 साल पहले हाईस्कूल में अध्यक्ष बनने की खबर इसी अखबार ने प्रकाशित की थी। पहली बार किसी अखबार में अपनी खबर छपने से बेहद खुशी हुई ,जिसकी कटिंग पर्स में रखकर आज भी चलते हैं। आज भी बहूमूल्य दस्तावेज में सहेज कर रखा हू । छात्र राजनीतिक में प्रवेश और आज जो नाम पहचान मिला है उसमें हरिभूमि अखबार की बड़ी भूमिका है। हरिभूमि उनका सबसे पसंदीदा अखबार है। इस अखबार के पठन बगैर कोई काम शुरू नहीं होता। पाठकों के बीच इसकी लोकप्रियता प्रथम पायदान पर है, इसके प्रति विश्वास और बढ़ गया। जिन्हें पुरस्कार मिला है, उन्हें बहुत- बहुत बधाई।

### तथ्यपरकता, वस्तुपरकता, निष्पक्षता और संतुलित समाचार होते है : गोरेलाल

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गरियाबंद जिला ब्यूरो प्रमुख गोरेलाल सिन्हा ने कहा कि वह हरिभूमि के संस्थापक सदस्य के रूप में वर्ष 2001 से हरिभूमि समूह से जुड़कर काम कर रहे हैं। आज हरिभूमि की लोकप्रियता गरियाबंद सहित प्रदेशभर में है। प्रदेश के अन्य अखबारों को पीछे छोड़ हरिभूमि हर पाठक की पसंदीदा अखबार बन गया है। इसके लिए सभी पाठक का आभार जताया जिन्होंने हरिभूमि में प्रकाशित खबर पर विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि बिलासपुर एडिशन से उनकी हरिभूमि से जुड़कर काम शुरू किया था। फिर रायपुर से हरिभूमि अखबार का प्रकाशन हुआ। उन्होंने हरिभूमि को गांव- गांव पहुंचाने स्वयं सायकल चलाकर अखबार वितरण के काम भी किया है। हरिभूमि के प्रचार प्रसार करने अखबार बांटते हुए गांव - गांव में बिजली पोल में स्टीकर लगाते थे। अब तो हरिभूमि उनके लिए जीवन का एक हिस्सा बन गया है। उन्होंने कहा हरिभूमि अखबार के प्रधान संपादक माननीय हिमांशु द्विवेदी जैसे वरिष्ठ संपादक के मार्गदर्शन में तथ्यपरकता ,वस्तुपरकता, निष्पक्षता और संतुलन जैसे सिद्धांतो को ध्यान में रख काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रधान संपादक श्री दिवेदी के सिद्धांत उनके आदर्श पर हरिभूमि विश्वनीयता अर्जित करते आ रहा है। इस अखबार में नवनीतम, जनरुचि ,निकटता,प्रभाव जैसे तत्वों को महत्व दिया जाता है। हरिभूमि जनभावनाओं का विचार है। समय समय पर पाठकों को प्रोत्साहित करने योजना लाती है। कार्यक्रम में हरिभूमि प्रसार विभाग के सुमित महोबिया ने पाठकों को शुभकामनाएं देते हुए योजना की जानकारी दी।

## भीषण गर्मी में जानवरों के लिए पानी की व्यवस्था कर रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भीषण गर्मी में हर कोई परेशान हैं। पानी के लिए सबसे अधिक मशक्कत जीव जंतु और जानवर को करनी पड़ रही हैं। इस बीच एक शिक्षक गर्मी के दिनों में जानवरों को पानी पिला रहें हैं। जानवरों के लिए पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।

- बंदर के झुंड भी आकर बुझा रहे प्यास

गर्मियों के समय में पानी के संकट से सभी को जूझना पड़ता है। इंसान तो कहीं से भी पानी की व्यवस्था के लिए मशक्कत कर सकता है। पर जानवरों की स्थिति क्या होती है? यह सोचने की बात है। शायद जानवरों की इसी स्थिति को ध्यान में रखकर शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी के प्रभारी प्रधान पाठक गिरीश शर्मा ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने रजनकट्टा स्थित अपने निवास पर जानवरों के पानी के लिए इंतजाम कर दिए हैं। इसमें गाय के अन्य जानवर यहां तक कि बंदर भी झुंड में आकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। शिक्षक की इस पहल की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। श्री शर्मा का कहना है कि पानी हमारे जीवन के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है। गर्मी के मौसम को देखते हुये मूक जानवरों जैसे गाय, बैल, भैंस, पक्षी , कुत्ते आदि के लिये भी पानी की व्यवस्था करें ताकि उन्हें भी गर्मी से राहत मिल सके।








## मानस गान सम्मेलन में भेंट किया पौधे व पुस्तकें

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खरखरा में आयोजित श्री रामचरित मानस गान सम्मेलन में मंचस्थ मानस परिवार राम राम मानस परिवार मड़ेली को विदाई में समस्त ग्रामवासियों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत आम का फलदार पौधा भेंट किया गया। इस अनूठी पहल का सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। वहीं इस वर्ष प्रथम बार ग्राम सरायपाली कोठीगांव में आयोजित मानस सम्मेलन में ज्ञानवर्धक पुस्तकें भेंट की गई।



## सड़क किनारे बड़ी-बड़ी झाड़ियों से वाहन चालक हो रहे दुर्घटना के शिकार

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा- राजिम मार्ग पर इस समय दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। सड़क के दोनों तरफ किनारे बड़ी-बड़ी नरकट की झाड़ियां उग आई हैं। झाड़ियों ने सड़क को दोनों तरफ इस तरह से पूरी तरह से ढंक लिया है कि पैदल राहगीर, सायकिल, मोटरसाइकिल से चल रहे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क पर चलते समय सामने से आ रही बड़ी गाड़ियों को साइड देने के दौरान लोग दुर्घटना के शिकार हो रहें हैं। सड़क पर तेज रफ्तार आ रहे वाहन चालकों को गाड़ियों को किनारे चलाते समय आगे दिखाई नहीं दे रहा है। ना ही गांवों से निकलने वाले सड़कों-गलियों व पुल पुलिया पर कोई सांकेतिक चिन्ह व रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। अचानक कोई गांव की सड़कों से निकलता है तो आगे गुजर रहीं गाड़ियां नजर नहीं आती और वह दुर्घटना का शिकार हो जाता है। अभी कुछ माह पूर्व ही ग्राम लोहझर, मडेली, बोइरगांव, जमाही अन्य कई जगह दुर्घटना हुईं हैं। अनुज शर्मा लोक निर्माण विभाग गरियाबंद का कहना है कि छुरा से राजिम मार्ग में कई एजेंसी का कार्य शामिल है। वास्तविक जानकारी पता करके ही बता पाएंगे।



**पं. सुरेंद्र महाराज भागवत माहात्म्य कथा सुनाई**

# 35 वर्ष चना, मुर्रा बेचकर पैसा इकट्ठा कर करवा रही भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

ग्राम पोंड की 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला मान कुंवर ने गांव के बाजार में पिछले लगभग 35 साल से पापड़ी, चना मुर्रा और भजिया बेचकर पाई- पाई जमा किया।अपने नाती नातिन की शादी कराई फिर सांसारिक जीवन में अपनी जिम्मेदारी निभाने के बाद इन दिनों गांव में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन करवा रही है।

आयोजन 9 मई से 17 मई तक किया जा रहा है। कथा का भगवताचार्य पंडित सुरेंद्र महाराज सोरम धमतरी वाले है। इस आयोजन में मुख्य आयोजक मानकुंवर धीवर हैं। समस्त कोसरिया परिवार व ग्रामवासियों का सहयोग मिल रहा है और मुख्य यजमान के रूप में मानकुंवर का बेटा होरीलाल तारक, पत्नी उषा बाई, छोटा बेटा कुशल राम धर्म पत्नी टीलाबाई साथ ही उनके नाती सहित भेमन तारक पत्नी दुर्गा तारक, तामेश्वर तारक पत्नी पुष्पा तारक, टिकेश्वर तारक संगीता तारक है। इसी तरह पूरे तारक परिवार द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है।




प्रथम दिन कलश यात्रा, बेदी पूजा, गौ कर्ण पूजा के साथ पंडित भगवताचार्य द्वारा अपने श्री मुख से भगवान श्रीमद् भागवत मंगलाचरण, सुखदेव परीक्षित जन्म सहित कपिल चरित्र ध्रुव कथा, प्रिय व्रत चरित्र, भरत चरित्र गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन राम, कृष्ण जन्म सहित मंगलवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव, पूतना उद्धार एवं माखन चोरी की लीलाओ का वर्णन किया। 17 मई तक होने वाले इस आयोजन में महारास, कंस उद्धार, रुक्मणी विवाह, श्री सुदामा चरित्र सहित परीक्षित मोक्ष और तुलसी वर्षा और गीता उपदेश के साथ विष्णु यज्ञ होगा। 17 मई को पूर्ण आहूति की जाएगी।

### दादी की कृपा और आशीर्वाद

जानकारी देते हुए भेमन तारक ने बताया कि दादी अपने जीवन में थोड़ा थोड़ा पैसा इकट्ठा कर यह आयोजन करवा रहीं हैं। जिसका लाभ हमारे पूरे धीवर परिवार को मिलेगा क्योंकि भगवान की कृपा से ही यह संभव हो पाया। दादी की मेहनत का परिणाम है कि हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। भीषण गर्मी में लोग श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने गांव सहित आसपास के क्षेत्र के लोग पहुंच रहे हैं। कथा का आयोजन दोपहर 12 बजे से लेकर हरिच्छा तक चलता है।

